अनजान व्यक्ति के कहने पर क्यूआर कोड स्कैन न करें : बनौरिया

शिक्षण संस्थानों में साइबर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई

नवभारत न्यूज

दतिया, 2 जुलाई। ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0ष् अभियान के अंतर्गत दतिया पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पेट्रोल पंप, मुख्य बाजार, शिक्षण संस्थानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों, विद्यार्थियों, व्यापारियों तथा पेट्रोल पंप कर्मचारियों को फ्त् कोड फ्रॉड, फर्जी भुगतान स्क्रीनशॉट, ऑनलाइन पेमेंट धोखाधड़ी, फ्शिंग लिंक, फर्जी कस्टमर केयर नंबर ओ.टी.पी. एवं बैंकिंग जानकारी साझा न करने सहित साइबर अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी।

सेंवढ़ा टीआई सुनील बनौरिया ने बताया कि कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड को स्कैन कर भुगतान प्राप्त नहीं किया जा सकता। क्यूआर कोड स्कैन करने से प्रायः भुगतान भेजा जाता है, इसलिए किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर क्यूआर कोड स्कैन न करें तथा ऑनलाइन लेन-देन करते समय प्राप्त भुगतान की पुष्टि अपने बैंक खाते या अधिकृत ऐप से अवश्य करें। इसके अतिरिक्त उपस्थित नागरिकों को साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल.पद के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि साइबर ठगी होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराकर नुकसान को कम किया जा सकता है। दतिया पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि ऑनलाइन लेन-देन करते समय सतर्क रहें, किसी भी प्रकार की गोपनीय बैंकिंग जानकारी साझा न करें तथा साइबर अपराध संबंधी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस एवं साइबर हेल्पलाइन नं. 1930 पर दें।

सरसों की उपज पर देय मंडी शुल्क वसूला, सेंवढ़ा मंडी को मिली सफलता

इन्दरगढ़, 2 जुलाई। संयुक्त संचालक मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आँचलिक कार्यालय ग्वालियर के निर्देशानुसार अंचल की कृषि उपज मंडियों में मंडी शुल्क की चोरी पर प्रभावी रोक लगाने की मंशा से उप मंडी क्षेत्र इन्दरगढ़ स्थित महादेव आँयल मिल का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बिना मंडी शुल्क दिये 50 क्विंटल सरसों रखी पाये जाने पर मंडी अधिनियम के तहत शास्ति अधिरोपित की गई। घटना 29 जून महादेव आँयल मिल इन्दरगढ़ की है जिसमें पाँच गुना शास्ति पर मंडी शुल्क 27,188, 3,625 रु. निराश्रित शुल्क, तथा 500 रु बतौर समझौता शुल्क की शास्ति अधिरोपित की गई जिसमें कुल 31,313/- रु. की शास्ति अधिरोपित की गई। उक्त कार्यवाही में कृषि उपज मंडी सेंवढ़ा सचिव विक्रम सिंह जाटव नेत्रत्तव में मंडी निरीक्षक उत्तम कुमार मिश्रा, उनि श्रीमति प्रियंका गुप्ता, महेंद्र सिंह, सत्यम शर्मा, अर्पित श्रीवास्तव, रामपाल ठाकुर तथा दिलीप तिवारी शामिल थे।

क्या कहते हैंअधिकारी

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में कृषि उपज के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्यवाही की गई है। उक्त चैकिंग कार्यवाही सदैव चलती रहेगी।

विक्रम सिंह जाटव
सचिव कृषि उपज मंडी समिति सेंवढ़ा

मंडी सचिव की सतर्कता से मक्का से भरे दो ट्रक पकड़े

सेंवढ़ा मंडी विभाग की बड़ी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

इन्दरगढ़ 2 जुलाई। संयुक्त संचालक मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आँचलिक कार्यालय ग्वालियर द्वारा कृषि उपज के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के निर्देशानुसार प्रभारी उडनदस्ता दल कृषि मंडी सचिव सेंवढा द्वारा यूपी के इटावा से मक्का भर कर डवरा की ओर जाने के दौरान दो ट्रकों को पकड़ा है। दोंनों ट्रकों में सवा नौ लाख रु की अवैध मक्का भरी पाई गई। उड़नदस्ता दल दोंनों ट्रकों को रोक कर चालकों से उपज परिवहन संबन्धी दस्तावेज माँगने पर वह संतुष्टिप्रद जबाव नहीं दे सके। संदिग्ध प्रतीत होने की आशंका पर दोंनों ट्रकों को मंडी (इन्दरगढ़) लाये जहाँ चालकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में ट्रक क्र. नच 75 बज 7667 के चालक अंकित पुत्र राम सिंह सेंगर नि इ- 218, कानपुर यूपी, के दस्तावेजों में 229 क्विं. 10 किलो मक्का, कीमत 481110 रु. तथा ट्रक क्र. यू.पी.75 सी.टी. 8082 के चालक अवनीष पुत्र रमेश चन्द्र तिवारी, ग्राम प्रथ्वीपुर (इटावा) ने अपने ट्रक में 203-70 कुंटल मक्का, कीमत 442770 रु. की (दोंनों ट्रकों की उपज की कुल कीमत 9,23,880 रु.) लोड होने के साथ इटावा से दिल्ली जाना पाया जो प्रथम द्रष्टया संदिग्ध, व कूटरचित होने कै साथ साथ अवैध परिवहन को लेकर न्यायालयीन कार्यवाही की गई। कार्यवाही में कृषि उपज मंडी सचिव सेंवढा विक्रम सिंह, मंडी निरीक्षक उत्तम मिश्रा, उनि, प्रियंका गुप्ता, महेंद्र शर्मा सहायक वर्ग-3, सुरक्षा कर्मी, सत्यम शर्मा, दिलीप तिवारी तथा प्रकाश रायकवार शामिल रहे।

संस्कृति और अस्तित्व को बचाने का जनआंदोलन है : सांसद

नवभारत न्यूज

दतिया, 2 जुलाई। जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और अस्तित्व को बचाने का जन-आंदोलन है। हमारी प्राचीन बावड़ियाँ और कुएं केवल पानी के स्रोत नहीं हैं, बल्कि ये हमारी धरोहर हैं। इन्हें सहेजना हम सभी का परम कर्तव्य है। उक्त बात मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सेवढ़ा, में समापन अवसर पर सांसद संध्या राय ने कही। जलस्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान 2026श् का भव्य समापन एक अनूठे और गरिमामयी बावड़ी उत्सव के रूप में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक मुनेंद्र शेजवार' मंचासीन रहे।

उन्होंने जन अभियान परिषद के प्रयासों की सराहना करते हुए ग्रामीणों से पानी की हर बूंद बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती परिणीता राजे ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार जन अभियान परिषद पूरे प्रदेश में पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए मुस्तैदी से काम कर रही है। सेवढ़ा में आयोजित यह बावड़ी उत्सव इस बात का प्रमाण है कि जब समाज अपनी धरोहरों से जुड़ता है, तो बदलाव निश्चित रूप से आता है। इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ ली गई और बावड़ी की साफ-सफाई व सौन्दर्यीकरण का संकल्प दोहराया गया।

लायंस क्लब : राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

दतिया, 2 जुलाई। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब दतिया सिटी द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष लायन कपिल गोयल, सचिव लायन अजय शर्मा तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ओ. पी. दुबे, डॉ. डी. के. गुप्ता एवं डॉ. के. सी. राठौड़ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन लायन अमित शर्मा ने किया। प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए लायन अजय शर्मा ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लायंस क्लब दतिया सिटी द्वारा समाजहित में संचालित विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर क्लब में नए सदस्यों का स्वागत भी किया गया। डॉ. के. सी. राठौड़, डॉ. रवि बघेल, सौरभ अग्रवाल (रवि), विकास चतुर्वेदी एवं शान्तनु अग्रवाल ने लायंस क्लब की सदस्यता ग्रहण की। समारोह में शहर के 11 प्रतिष्ठित चिकित्सकों को उनकी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं, समर्पण एवं समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित चिकित्सकों में डॉ. ओ. पी. दुबे, डॉ. डी. के. गुप्ता, डॉ. के. सी. राठौड़, डॉ. दिनेश सिंह तोमर, डॉ. के. के. अमरैया, डॉ. अंशिका अग्रवाल, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. राहुल पांडेय, डॉ. रवि बघेल एवं डॉ. कपिल गोयल शामिल रहे। सम्मानित चिकित्सकों ने अपने उद्बोधन में लायंस क्लब की समाजसेवा एवं जन कल्याणकारी गतिविधियों की सराहना करते हुए क्लब के अंतरराष्ट्रीय सेवा मंत्र भावना को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। लायन राजेश मोर ने सभी अतिथियों, सम्मानित चिकित्सकों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन हुआ।

एक नजर में

ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का तत्काल निराकरण हो : पिरोनिया

दतिया, 2 जुलाई। भांडेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुलरिया में आयोजित राजस्व समाधान शिविर में, ग्राम बैंदा एवं ग्राम कूडिला के ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर गांव की रास्ता के चौड़ीकरण, शमशान घाट का जीर्णोद्धार तथा ग्रामीणों की व्यक्तिगत राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में ग्राम वासियों ने पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया को गांव में बिजली की समस्या और डीपी ना होने की शिकायत की जिस पर पूर्व विधायक पिरोनिया ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर समस्या के निराकरण की बात कही। वहीं पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया को किसानों ने समय पर खाद बीज उपलब्ध न होने की शिकायत की तो पूर्व विधायक पिरोनिया ने कृषि विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर समस्या के निराकरण की बात कही।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिले प्रमाण-पत्र

सेंवढ़ा, 2 जुलाई। मप्र जल अभियान परिषद दतिया में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्य करने वाली नवांकुर संस्थाएं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, मुख्यमंत्री सामुदायिक मित्र क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को 19 मार्च से 30 जून तक आयोजित जलशक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम, जलस्रोतों सेवा समागम कार्यक्रम, वृक्ष पूजन, बावड़ी उत्सव, जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अक्षय ताम्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धीरू दांगी, मुनेंद्र शेजवार जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, श्रीमती अंबिका परियोजना अधिकारी नरेगा, विनीत त्रिपाठी जनपद सीओ आदि द्वारा जल गंगा संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानितों में संतोष उपाध्याय, रामप्रसाद कोली, कौशल पाठक फूल सिंह उमा यादव, दीपक अहिरवार, प्रदीप कुशवाहा, अर्नेश कुशवाहा अरविंद शर्मा राजकुमार विश्वकर्मा आदि शामिल किया थे।

विप्र फाउंडेशन ने निष्पक्ष जांच को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

दतिया, 2 जुलाई। विप्र फाउंडेशन जिला दतिया के पदाधिकारियों एवं विप्र समाज के सदस्यों ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अतुल दीक्षित पर लगाए गए कथित बेबुनियाद एवं निराधार आरोपों की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर सत्य तथ्यों को सामने लाया जाए, ताकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा को आघात न पहुंचे तथा न्याय सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर संरक्षक सनत पुरोहित, संस्थापक अरुण कुमार सिद्ध, राधाकांत शर्मा, आदेश पाठक, अबदेश शर्मा, मनीष शर्मा, पप्पू शर्मा, पिंटू शर्मा, प्रदीप पाण्डेय, मुकेश व्यास, प्रशांत तिवारी, उमाशंकर अग्निहोत्री, अंजनी शरण सिरोठिया, ब्रजेश शर्मा, रामगोपाल शर्मा सहित विप्र समाज के सैकड़ों गणमान्यजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस प्रशासन तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई करेगा तथा सत्य को सामने लाएगा।

कोतवाली थाना प्रभारी मिश्रा को दी विदाई

नवभारत न्यूज

दतिया, 2 जुलाई। किसी भी अधिकारी की वास्तविक पहचान उसके पद से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार, कार्यशैली और जनता के साथ स्थापित विश्वास से होती है। दतिया शहर कोतवाली के थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने अपने कार्यकाल में यही सिद्ध किया। उनके स्थानांतरण के उपरांत आयोजित विदाई समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि वह एक ऐसा भावुक अवसर बन गया जिसमें पुलिस स्टाफ, पत्रकार, समाजसेवी और आम नागरिकों की आंखें नम दिखाई दीं।

सहज, सरल, मिलनसार एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी टीआई धीरेंद्र मिश्रा ने अपने कार्यकाल में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ जनता के बीच पुलिस की सकारात्मक छवि स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने न केवल अपराधियों और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की, बल्कि आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान के लिए भी निरंतर प्रयास किए। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय सफलता मिली तथा शराब तस्करों एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया। धीरेंद्र मिश्रा की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता उनकी मानवीय संवेदनशीलता रही। राजगढ़ चौराहा क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे बीमारी और वृद्धावस्था से जूझ रहे उत्तरप्रदेश निवासी असहाय बलवंत सिंह यादव की सहायता कर उन्होंने यह साबित किया कि पुलिस केवल कानून लागू करने वाली संस्था ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की संरक्षक भी है। स्वयं मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल ले जाना, उपचार कराना और बाद में वृद्धाश्रम में सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना उनकी सेवा भावना और मानवीय मूल्यों का अनुपम उदाहरण है।

विदाई समारोह के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भावनाएं उस समय छलक उठीं जब उन्होंने अपने प्रिय अधिकारी को विदा किया। कई पुलिसकर्मी भावुक होकर अपने आंसू नहीं रोक सके। यह दृश्य इस बात का प्रमाण था कि धीरेंद्र मिश्रा ने केवल प्रशासनिक नेतृत्व ही नहीं किया, बल्कि अपने सहयोगियों के साथ आत्मीय संबंध भी स्थापित किए थे। स्टाफ के प्रति उनका स्नेह, सहयोगात्मक व्यवहार और मार्गदर्शन उन्हें एक लोकप्रिय अधिकारी के रूप में स्थापित करता है। अपने संबोधन में टीआई धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि उन्होंने सदैव पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का प्रयास किया है।

जन-जन के विकास को समर्पित

दतिया, 2 जुलाई। इंदरगढ़ में आज का दिन क्षेत्र की प्रगति और सामाजिक सौहार्द के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। डॉ. नरोत्तम मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न विकास कार्यों और सामाजिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन संपन्न हुआ विकास की नई सौगात क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए 1 करोड़ 82 लाख की लागत से बनने वाले नवीन रेस्ट हाउस का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। यह नया विश्राम गृह क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत करेगा। उक्त बात इंदरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कही। इस अवसर पर विधायक प्रदीप अग्रवाल, कौशल शर्मा, प्रशांत ढेंगुला, आशुतोष तिवारी, रघुवीर कुशवाहा लोग मौजूद रहे।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसो. जिला शाखा ने सौंपा ज्ञापन

दतिया, 2 जुलाई। पेंशनर्स की लंबित मांगों के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम कलेक्टर दतिया के माध्यम से स्वप्निल वानखेडे कलेक्टर दतिया को अपना 6 सूत्रीय ज्ञापन दिया मुख्य मांगें मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 समाप्त हो। राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार कैशलेस बीमा की योजना लागू की जा रही कैशलेस बीमा योजना की प्रीमियम राशि कर्मचारियों के बराबर एक प्रतिशत हो अथवा पेंशनर्स से न ली जाए पेंशनर को देय आर्थिक लाभ केंद्र द्वारा घोषित समय पर दिया जाए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट एवं अन्य न्यायालयों के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार 32 माहका एवं 27 माह का एरिया भुगतान अवलंब किया जाए 80 वर्ष की आयु होने पर 20: का लाभ न्यायालय के निर्णय के अनुसार 79 वर्ष पूर्ण होने पर दिया जाए कर्मचारियों की तरह पेंशनर्स को उपादान राशि का भुगतान किया जाए आदि आदि महत्वपूर्ण मांगे हैं एसपी पटेरिया अध्यक्ष जिला समिति दतिया जीएस उदैनिया, जेपी श्रीवास्तव, मैथिली शरण मिश्रा, एस के जैन, तारा सिंह यादव, हरिहर शर्मा, रामप्रकाश तिवारी, रामबाबू गुप्ता, डब्बू लाल, आलोक पांडे, देवीलाल, निरंजन, सचिन, रमेश चंद्र भारद्वाज, सुरेश सेन, अमर सिंह, सत्यनारायण प्रजापति, खरे रमाशंकर तिवारी, कमलकांत शर्मा विशिष्ट सलाहकार संतोष अहिरवार श्रीवास्तव जीआरपी शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

अवैध लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

सोहन राजस्व शिविर में 32 प्रकरणों का मौके पर निराकरण

भांडेर, 2 जुलाई। शासन के निर्देशानुसार राजस्व विभाग द्वारा ग्राम सोहन में आयोजित राजस्व शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर के दौरान अधिकारियों ने राजस्व संबंधी प्रकरणों की सुनवाई कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनेक मामलों का समाधान किया, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली। शिविर में कुल 5 फौती नामांतरण, 3 रजिस्ट्री नामांतरण, 2 बंटवारा प्रकरण, 1 आर्थिक सहायता संबंधी प्रकरण तथा 1 रास्ता विवाद का निराकरण किया गया। इसके अलावा 20 फार्मर रजिस्ट्री से जुड़े मामलों का भी मौके पर ही समाधान किया गया। अधिकारियों ने संबंधित पक्षों की सुनवाई कर आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की। राजस्व अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि शासन का उद्देश्य लोगों को तहसील और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने से बचाना तथा उनकी समस्याओं का समाधान गांव में ही उपलब्ध कराना है।

शिविर के दौरान ग्रामीणों को राजस्व अभिलेखों, नामांतरण, बंटवारा, आर्थिक सहायता सहित अन्य राजस्व सेवाओं की जानकारी भी दी गई और आवश्यक दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करने की सलाह दी गई। इसी दौरान प्रशासन ने अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन किए जाने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। जब्त वाहन को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना पंडोखर में सुपुर्दगी में रखा गया है। मामले की जानकारी एसडीएम को भेजी है, जिसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध कटाई एवं लकड़ी के परिवहन के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं राजस्व शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी समाधान करना है, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का समय पर लाभ मिल सके।

छात्रा से छेड़छाड़ काआरोप, ट्यूशन टीचर गिरफ्तार

ग्वालियर। गुरु-शिष्य के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के टिकोनिया पार्क इलाके में पिछले 6 साल से एक घर में आकर 10वीं की छात्रा को ट्यूशन पढ़ाने वाले आरोपी शिक्षक ब्रजेश धाकड़ ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दीं। परिजनों के अटूट भरोसे का फायदा उठाकर आरोपी पिछले दो महीनों से पढ़ाई के बहाने 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा से बुरी नीयत से छेड़छाड़ कर रहा था। हद तो तब हो गई जब आरोपी ने छात्रा पर अपनी गर्लफ्रेंड बनने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। छात्रा के विरोध और परिजनों की शिकायत पर बहोड़ापुर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

पी.जी. कॉलेज दतिया में मनाया दीक्षारंभ समारोह

नवभारत न्यूज

दतिया, 2 जुलाई। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवागंतुक विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिवार का सदस्य बनाने के लिए प्राचार्य डॉ. जयश्री त्रिवेदी द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र कौशिक ने भी विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे नवाचारों से जुड़ने और अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इतिहास विभाग से डॉ दुष्यंत यादव ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के लिए योग और खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर वनस्पति विभाग से डॉ सुधीर पाण्डेय ने विद्यार्थियों से सामाजिक गतिविधियों से जुड़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया।विद्यार्थियों को डॉ राजेश माहौर ने विवेकानंद प्रकोष्ठ की करियर मार्गदर्शन की गतिविधियों के बारे में बताया। डॉ. पुनीत पाण्डेय ने विद्यार्थियों कोभारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के बारे में बताया। राष्ट्रीय कैडेट कोर के बारे में डॉ. नाजिश शेख में जानकारी दी। इस अवसार पर डॉ. दीपिका दीक्षित ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों से जुड़ने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

विभागाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों से जुड़ कर लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित

डॉ.डीपी अहिरवार महाविद्यालय में संचालित इग्नू के कोर्सेज तथा डॉअरविंद यादव भोज के पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी दी। युवा संसद और योग से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी रसायन विभाग के डॉ के एस दादोरिया द्वारा दी गई।

इको क्लब से जुड़ी जानकारी डॉ. चारू सिंह द्वारा दी गई। डॉ. कौशिक ने विद्यार्थियों को नेपटल द्वारा संचालित स्वयं पाठ्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सीमा सिंह ने विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ साथ खेल गतिविधियां से भी जुड़ने का आग्रह किया, जिससे उनके व्यक्तित्व का संतुलित विकाश हो सके। डॉ. के के कुशवाहा और डॉ रोहित तिवारी द्वारा कंप्यूटर लैब की सुविधा के बारे में बताया।

हिंदी विभाग से डॉ. प्रतिभा पाण्डेय ने विद्यार्थियों को रचनात्मक लेखन और अभिव्यक्ति को निखारने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ साथ दीक्षारंभ कार्यक्रम को अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, गणित, वनस्पति, भूगोल, वाणिज्य आदि के विभागाध्यक्षों और प्राध्यापकों ने भी संबोधित किया। विद्यार्थियों को महाविद्यालय के पारिवारिक वातावरण में का लाभ उठाने और सहयोगात्मक तथा रचनात्मक भावनाओं से जुड़ने और अपने भविष्य को आकर देने के लिए के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दंदरौआ महाराज ने किया आदर्श डिजिटल एक्स-रे का शुभारंभ

सेंवढ़ा, 2 जुलाई। नगर सेवढ़ा में निजी चिकित्सालय पर डॉ.आशुतोष तिवारी द्वारा डिजिटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराई गई। नगर के हनुमान चौराहा पर आदर्श डिजिटल एक्स-रे सेंटर का शुभारंभ दंदरौआ धाम के महंत श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज एवं वनखण्डेश्वर धाम के महंत श्री श्री 1008 विशम्भरानंद सरस्वती महाराज (डमरू वाले बाबा) के कर कमलों से संपन्न हुआ।

इस डिजीटल एक्स रे मशीन के शुभारंभ में पूर्व केबिनेट मंत्री आशुतोष तिवारी, सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल,पूर्व नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि धीरज महाते सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, नगरवासी तथा आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने कहा कि नगर में इस मशीन के उपलब्ध होने से रोगी को ग्वालियर-दतिया नहीं जाना पड़ेगा, फलस्वरूप रोगी के इलाज के खर्चे में कमी आएगी। समाजसेवियों ने कहा कि डॉ. आशुतोष तिवारी ने अभी सेवढ़ा के समस्त 15 वार्डों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए थे, जिसमें सभी बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपना योगदान दिया था, तब उनसे नगर के वार्ड वासियों ने आग्रह किया था कि हमारे यहाँ किसी निजी अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे मशीन नहीं है, जिससे हमें असुविधा का सामना करना पड़ता है।

सभी सुधिजनों का आभार करते हुए डॉ. आशुतोष तिवारी ने करबद्ध प्रणाम करते हुए कहा कि परोपकार ही सबसे बड़ा कर्म है धर्म है, भगवान धन्वंतरि की कृपा सभी जीवों पर बनी रहे उन्होंने आगे कहा कि क्लीनिक पर इमरजेंसी में 24 घंटे एक्स-रे सुविधा उपलब्ध रहेगी।